मुंबई विश्वविद्यालय
डॉ. पतंगराव कदम महविद्यालय पेण
पी.एच. डी सेंटर [हिन्दी]
शोध और अनुसंधान प्रविधि पर पाठ्यक्रम आधारित परीक्षा
प्रश्नावली

1 रिसर्च का अर्थ क्या है ?
A. ज्ञान की खोज करना
B. संवाद स्थापित करना
C. आंकड़े इकट्ठा करना
D. संस्कृति को जानने

2 'द रोमांस ऑफ रिसर्च' के लेखक कौन है?
A. लुंडबर्ग
B. जॉन डब्ल्यू वेस्ट
C. रेडिमेंट एंड मोरी
D. पी एम कुक

3 "शोध किसी प्रश्न या समस्या या प्रस्तावित उत्तरों की जांच के लिए उत्तर खोजने हेतु किया जाता है।" किसका कथन है ?
A. जॉन डब्ल्यू वेस्ट
B. पी एम कुक
C. बैजनाथ सिंघल
D. ए एल एडवर्ड्स

4 निम्न में से कौनसा वाक्य अनुसंधान के महत्त्व को व्यक्त नहीं करता है?
A. अनुसंधान मानव ज्ञान को दिशा प्रदान करता है।
B. अनुसंधान में बहुत ज्यादा समय लगता है।
C. अनुसंधान सामाजिक विकास का सहायक है ।
D. अनुसंधान पूर्वग्रहों के निदान और निवारण में सहायक है।

5 अनुसंधान शब्द की व्युत्पत्तिमूलक व्याख्या क्या है?
A. बार-बार अध्ययन करना
B. परिवर्तन करना
C. जो खोजा जा चुका है उसे फिर से खोजना
D. पूर्वाग्रहों को ढूंढना

6 शोध को प्रेरित करने वाला तत्व कौन सा है?
A. अज्ञात को जानने की जिज्ञासा
B. अध्ययन के प्रति अनाआस्था
C. समय की कमी
D. अनेक विषयों में रुचि

7 शोधकर्ता में कौनसे गुण होने चाहिए? [सही पर्याय चुनिए]
A. जिज्ञासा, गृहित विषय का ज्ञान,कार्य में ढिलाई, गृहित विषय पर कार्य करने की क्षमता
B. अकृतज्ञता, लेखन क्षमता, चिंतन शक्ति, बौद्धिक गुणों की अनिवार्यता

C. योजनत्मक होना, सहनशील होना, कृतज्ञता, साहित्यिक गुण न होना
D. सहनशील होना, सकारात्मक होना, सत्यात्मक होना, जिज्ञासा

8 शोधा प्रक्रिया का पहला चरण क्या है?
A. एक समस्या का चयन
B. डेटा का संग्रह
C. संपादन और कोडिंग
D. निष्कर्ष

9 निम्न में से कौन सा प्राथमिक डेटा का उदाहरण है?
A. पत्रिका
B. साक्षात्कार
C. पुस्तक
D. समाचार पत्र

10 शोध समस्या को व्यवस्थित रूप से हल करने का तरीका क्या है?
A. संचालन
B. तकनीक
C. अनुसंधान क्रियाविधि
D. अनुसंधान के कारण

11 शोध का वास्तविक अधिकारी कौन नहीं हो सकता है?
A. पूर्व उपलब्ध निष्कर्षों को स्वीकारते हुए उसमें नए अर्थ को जोड़ने वाला
B. पूर्ववर्ती विचारकों के विचारों की चर्वणा करने वाला
C. नए अर्थ को और तथ्यों को खोजने हेतु साधनारत रहने वाला
D. ज्ञानार्जन को समर्पित रहनेवाला

12 आलोचना अनुसंधान का रूप तब धारण कर लेती है जब उसमें-
A. प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज की लालसा होती है।
B. पाठ निर्णय और निर्धारण की सूझबूझ होती है।
C. नवीन ज्ञान मौलिक सामग्री और नई दिशा उनकी खोज वृद्धि होती है ।
D. सामग्री के निरीक्षण सर्वेक्षण की वृत्ति होती है।

13 "जो खोजा जा चुका है उसे फिर से खोजना" के लिए उपयुक्त शब्द कौन सा है?
A. अनुसंधान
B. शोध
C. अन्वेषण
D. खोज

14 भाषा वैज्ञानिक शोध में क्या समाहित नहीं होता?
A. ध्वनि वैज्ञानिक शोध
B. शब्द वैज्ञानिक शोध
C. परंपरावादी शोध
D. वाक्य वैज्ञानिक शोध

15 इसमें भाषा की संरचना का अध्ययन विश्लेषण किया जाता है-
A. भाषा वैज्ञानिक शोध पद्धति
B. मनोवैज्ञानिक शोध पद्धति

C. ऐतिहासिक शोध पद्धति
D. समाज वैज्ञानिक शोध पद्धति

16 "जब हम किसी दो वस्तुओं व्यक्तियों में साम्य अथवा वैषम्य को ढूंढने की कोशिश करते हैं तो यह प्रक्रिया तुलनात्मक कहलाती है।" किसकी परिभाषा है?

A. बैजनाथ सिंघल
B. नगेन्द्र
C. सुंदर रेड्डी
D. विनय मोहन शर्मा

17 "देश की एकता एवं राष्ट्रीय जीवन की एकता के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं साहित्य का अध्ययन आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है।" किसका कथन है?

A. बैजनाथ सिंघल
B. नगेन्द्र
C. सुंदर रेड्डी
D. विनय मोहन शर्मा

18 "ऐतिहासिक अनुसंधान का संबंध ऐतिहासिक समस्याओं के वैज्ञानिक विश्लेषण से है।" किस का विचार है?

A. लुन्डबर्ग
B. जॉन डब्ल्यू वेस्ट
C. रेडिमेंट एंड मोरी
D. पी एम कुक

19 "मनोवैज्ञानिक शोध के अंतर्गत मनोविज्ञान के क्षेत्र के भीतर की समस्याओं के बारे में किए गए सभी शोध को रखा जाता है।" किसका कथन है?

A. लुन्डबर्ग
B. डी एमैटो
C. कोलिन बार्न्स
D. पी एम कुक

20 "सामाजिक घटनाओं एवं समस्याओं के संबंध में नए ज्ञान की प्राप्ति हेतु व्यवस्थित अन्वेषण को हम सामाजिक शोध कहते हैं।" किसका विचार है?

A. डी एमैटो
B. सी ए मोजर
C. पी एम कुक
D. कोलिन बार्न्स

21 मनुष्यो द्वारा स्वयं मनुष्य का अध्ययन इसमें किया जाता है--

A. समाजशास्त्रीय अनुसंधान प्रविधि
B. तुलनात्मक शोध प्रविधि
C. ऐतिहासिक अनुसंधान प्रविधि
D. भाषा वैज्ञानिक शोध प्रविधि

22 समस्या एक प्रश्नवाचक वाक्य अथवा विवरण है जिसमें दो चलराशियों में संबंध ज्ञात किया जाता है। किसका कथन है?

A. करलिंगर
B. सी ए मोजर
C. पी एम कुक
D. कोलिन बार्न्स

23 इसमें प्रश्नों की क्रमबद्ध सूची होती है-

A. रेपोर्ट्स
B. गजेटियर
C. पत्र-पत्रिकाएं
D. प्रश्नावली

24 यह प्रश्नावली का गुण नहीं है-

A. वैध एवं विश्वसनीय
B. विस्तृत क्षेत्र से सूचना प्राप्त होना
C. गोपनीयता की रक्षा करना
D. भ्रमपूर्ण प्रश्नावली

25 ये साक्षात्कार को आमने-सामने की बातचीत मानते हैं।

A. गुड और हेट
B. जॉन जी डार्ले
C. पी वी यंग
D. वाइटल्स

26 संदर्भ सूची प्रस्तुत करने का सही तरीका -

A. कृति का नाम, लेखक का नाम, प्रकाशन स्थल, प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष, पृष्ठ संख्या
B. पृष्ठ संख्या, कृति का नाम, लेखक का नाम, प्रकाशन स्थल, प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष
C. लेखक का नाम, कृति का नाम, प्रकाशन स्थल, प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष, पृष्ठ संख्या
D. लेखक का नाम, कृति का नाम, प्रकाशन वर्ष, प्रकाशन स्थल, प्रकाशक, पृष्ठ संख्या

27 इस प्रश्नावली में निर्देशों के साथ चित्र दिए होते हैं-

A. मिश्रित प्रश्नावली
B. प्रतिबंधित प्रश्नावली
C. चित्रमय प्रश्नावली
D. असंरचित प्रश्नावली

28 निम्न में से कौन सा समस्या के चुनाव का सिद्धांत नहीं है-

A. अनुसंधानकर्ता की रूचि
B. अनुसंधानकर्ता की अभियोग्यता
C. समस्या मापन की सीमा में हो
D. समस्या विवादास्पद हो

29 "परिकल्पना परीक्षण के लिए प्रस्तुत की गई एक मान्यता है।" किस का विचार है?

A. बोगार्डस
B. लुंडबर्ग

C. गुडे एवं हाट
D. पी वी यंग

30 निम्न में से कौन सी गुडे एवं हाट के परिकल्पना की विशेषता नहीं है-

A. अनुभव सिद्धता
B. अस्पष्टता
C. विशिष्टता
D. सिद्धांतों से संबंधित

31 आमतौर पर कौन सा शोध एक भरोसे योग्य ज्ञान की मजबूत नीव विकसित करता है-

A. विश्लेषणात्मक शोध
B. क्रियात्मक शोध
C. बुनियादी शोध
D. उन्मुखीकरण शोध

32 शोध करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी आरंभिक अनिवार्यता की अपेक्षा है?

A. अनुसंधान अभिकल्प विकसित करना।
B. अनुसंधान प्रश्न तैयार करना।
C. प्रदत्त विश्लेषण प्रक्रिया के संबंध में निर्णय लेना।
D. अनुसंधान परिकल्पना निर्मित करना।

33 शोध-प्रबंध लिखने का प्रारूप वही होता है जो निम्नलिखित में होता है-

A. शोध-पत्र / लेख तैयार करना
B. संगोष्ठी प्रस्तुतीकरण का लेखन
C. शोध के लघुशोध-प्रबंध में
D. कार्यशाला/सम्मेलन में लेख प्रस्तुत करना

34 गुणात्मक शोध के प्रतिमान में, निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता को महत्वपूर्ण माना जा सकता है ?

A मानकीकृत शोध उपकरणों की सहायता सेप्रदत्त का संकलन |
B संभाव्य प्रतिदर्श तकनीक सहित प्रतिदर्श चयन का अभिकल्प ।
C प्रदत्तों के संग्रहण में इंद्रियानुभविक साक्ष्यों का निम्न से उच्च स्तरीयता की ओर उन्मुखता ।
D उच्च से निम्न व्यवस्थित साक्ष्यों सहित प्रदत्त संग्रहण ।

35 निम्नलिखित कथनों की सूची से उस सेट को चिह्नित कीजिए, जिसका 'शोध की नैतिकता' पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है :

(i) शोधार्थी, दूसरे शोध के निष्कर्षों पर आलोचनात्मक दृष्टि डालता है ।

(ii) उचित संदर्भो के बिना संबंधित अध्ययनों को उद्धृत किया जाता है।

(iii) शोध के निष्कर्ष नीति निर्माण का आधार होते हैं।

(iv) प्रकाशित शोध साक्ष्यों के आधार पर व्यवहारकर्ताओं के आचरण का परीक्षण किया जाता है ।

(v) अन्य शोधों के साक्ष्यों का सत्यापन करने की दृष्टि से शोध अध्ययन को आवृत्यात्मक रूप में निष्पन्न किया जाता है।

(vi) नीति निर्माण और नीति क्रियान्वयन दोनों प्रक्रियाओं को प्रारंभिक अध्ययनों के आधार पर प्रतिपादित किया जाता है।

कूटः

A (i), (ii) और (iii)

B (ii), (iii) और (iv)

C (ii), (iv) और (vi)

D (i), (iii) और (v)

36 'अनुसंधान' शब्द का अर्थ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?

1 अनुसंधान का तात्पर्य किया समस्या के समाधान का पता लगाने के लिए शुरू की गई व्यवस्थित कार्यकलाप अथवा कार्यकलापों की श्रृंखला से है

2 यह एक व्यवस्थित तार्किक और निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमें परिकल्पना का परीक्षण आंकड़ों का विश्लेषण सिद्धांतों की व्याख्या और रचना की जा सकती है।

3 यह सत्य के प्रति बौद्धिक जांच अथवा खोज है -

4 इससे ज्ञान में वृद्धि होती है

निम्नलिखित गुणों से सही उत्तर चरन कीजिए -

(A) 1,3 and 4

(B)2,3 and 4

(C) 1,2 and 3

(D),2,3 and 4

37 निम्नलिखित में से किसे चर के श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है ?
(a) बुद्धि (intelligence)
(b) चिंता (anxiety)
(c) रोशनी का स्तर (level of illumination)
(d) अतींद्रिय प्रत्यक्षण (extra sensory perception)

38 यह प्रबंध लेखन का गुण नहीं है-
A. प्रौढ़ भाषा शैली
B. साहित्यिक भाषा शैली
C. पांडित्य प्रदर्शन हो
D. लेखन में तटस्थता हो

39 परिशिष्ट की आवश्यकता क्यों होती है?
A. जो शेष बचा है उसे परिशिष्ट में जोड़ा जाता है।
B. लेखक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए।
C. सामग्री एकत्रित करने के लिए।
D. पांडित्य दिखाने के लिए।

40 पाद टिप्पणी के लिए निम्न मे से कौनसी बात उचित है?
A. पाद टिप्पणी में एकरूपता की आवश्यकता नहीं होती।
B. शोधकर्ता अपने मत के समर्थन में पाद टिप्पणी देते है।
C. शोध कर्ता मूल लेखक का विरोध करता है।
D. पाद टिप्पणी परिशिष्ट में दी जाती है।

41 शीर्ष पृष्ठ में ये बात अनिवार्य नहीं होती-
A. शोध समस्या की पहचान
B. विश्वविद्यालय का नाम
C. अध्याय विभाजन
D. विषय का नाम

42 किसने परिभाषित किया है- "किसी उद्देश्य से किया गया गंभीर वार्तालाप ही साक्षात्कार है। "
A. जॉन जी डार्ले
B. पी वी यंग
C. गुड और हेट
D. वाइटल्स

43 यह वेबसाइट का प्रकार नहीं है-
A. Trg.
B. In
C. Com.
D. ac.

44 'सूचना राजपथ' किसे कहते है?
A. ई-मेल

B. पेजर
C. सेल्यूलर फोन
D. इंटरनेट

45 याहू, गूगल एवं MSN है-
A. कंप्यूटर ब्रांड
B. मोडेम
C. पासवर्ड
D. इंटरनेट साइटस

46  वेब पेज में वह कौन-सा शब्द है जिसे क्लिक किया जाये तो दूसरा डाक्यूमेंट खुलता है ?
(a) एंकर
(b) URL
(c) हाइपरलिंक
(d) रेफरेंस

47. क्लासरूम में न जाते हुए कंप्यूटरों के विषय में अध्ययन के लोकप्रिय तरीके को क्या कहा जाता है?

(a) आय-लर्निंग

(b) आयसोलेटेड लर्निंग

(c) ई-लर्निंग

(d) क्लोज लर्निंग

48 उच्च शोध परियोजना अभिकरण निम्नलिखित में से किसके विकास के लिए उत्तरदायी है?
A. इंटरनेट
B. डाउन्लोड
C. रिफ्रेश
D. ई-मेल

49 सभी वेब साइट्स या वेब पेज जो आपने कुछ समय पूर्व देखे होते है उसकी जानकारी मिल जाती है-
A. इनबॉक्स
B. हिस्ट्री लिस्ट
C. आउट बॉक्स
D. ब्राउज़र

50 अधिकांश वेब साइट में एक मुख्य पृष्ट होता है जो बाकी वेब पेज के लिए doorway का कम करता है-
A. सर्च इंजन
B. होम पेज
C. ब्राउज़र
D. यूआरएल

उत्तरमाला

1-A 2-C 3-D 4-B 5-C 6-A 7-D 8-A 9-D 10-C 11-B 12-C 13- A 14- C 15-A 16- A 17- C 18-B 19- B 20- B 21-A 22- A 23- D 24-D 25- D 26-C 27- C 28- D 29- A 30-B 31-C 32- B 33-C 34- C 35- C 36- D 37- D 38- C 39- A 40- B 41- C 42- A 43-A 44-A 45- D 45- D 46- C 47- C 48- A 49- B 50- B